भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 26.11.2024

## आरेडिका में संविधान दिवस पर किया उद्देशिका का पाठ

भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2024 को आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया गया तथा आरेडिका के सभी विभागों के कर्मचारियों ने अपने विभाग से संबंधित उपविभागाध्यक्षों के ने नेतृत्व में अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया।

ज्ञात हो कि आज के दिन 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा अधिनियमित एवं आत्मार्पित किया गया था और इसके कुछ उपबंधों को तत्काल प्रभाव से इसी दिन से लागू कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ।

सभी प्रधान विभागाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों ने संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया।

26/11/2024
(आर एन तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी